07/09/2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 0710 PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल गुजरात में रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दुबई में निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश का आह्वान किया।
- सागर में जहरीली शराब से मौतों का आंकड़ा 22 हुआ; शराब ठेकेदार समेत 30 लोगों पर एफआईआर, 10 गिरफ्तार।
- उज्जैन में आज भगवान महाकाल की राजसी सवारी निकली, बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

प्रधानमंत्री- गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गुजरात में रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा है कि रतलाम से बड़ौदा फोर-लाइनिंग परियोजना भी इसी योजना का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि पूर्वी और पश्चिमी समर्पित माल गलियारा यानी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर अब पूरा हो गया है। इसके तीन पूर्ण खंड प्रधानमंत्री कल राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

मुख्यमंत्री- दुबई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन: मध्यप्रदेश सत्र में वैश्विक निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से निवेश के आकर्षक केंद्र के रूप में उभर रहा है और सरकार निवेशकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होगी।

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में प्रदेश के तीन शहरों ने देश के शीर्ष पाँच में स्थान बनाया है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर दूसरे, जबलपुर तीसरे और भोपाल चौथे स्थान पर रहे। वहीं, भोपाल नगर निगम के वार्ड क्रमांक-60 को वार्ड स्तरीय श्रेणी में राष्ट्रीय

सम्मान मिला है। नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में ये पुरस्कार प्रदान किए गए।

<u>जहरीली शराब- सागर</u>

सागर जिले में जहरीली शराब पीने से मौतों का आंकड़ा बढ़कर 22 हो गया है। वहीं 112 लोग बीमार हैं, जिनका सागर और भोपाल के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मामले में शराब ठेकेदार समेत 30 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सागर के बंडा और विनायका थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों की जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में शराब में मेथेनॉल की मिलावट की बात सामने आई है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मरीजों के इलाज और पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई की समीक्षा की।

<u>महाकाल की राजसी सवारी</u>

भादौ के दूसरे सोमवार पर आज उज्जैन में भगवान महाकाल की राजसी सवारी निकाली गई। बाबा महाकाल छह अलग-अलग स्वरूपों में श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे हैं। सवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हैं।सवारी के दौरान शिप्रा नदी के रामघाट पर पूजा-अर्चना की गई। महाकाल की इस राजसी सवारी का आकाशवाणी उज्जैन द्वारा सजीव प्रसारण किया जा रहा है। सवारी के प्रमुख पड़ावों, धार्मिक अनुष्ठानों और श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े दृश्यों का आँखों देखा हाल श्रोताओं तक पहुंचाया जा रहा है।

<u>समाचार संक्षेप में:-</u>

- शिवपुरी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए अब राशन कार्डधारी अनियमितता की शिकायत व्हाट्सएप नंबर 7987956573 पर दर्ज करा सकेंगे।
- गुना में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में बीकेटी टायर्स के सहयोग से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 36 अभ्यर्थियों का चयन किया गया
- मंडला जिला चिकित्सालय ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के असेसमेंट में 86.17 प्रतिशत अंक हासिल कर एनक्यूएएस के लिए क्वालीफाई किया है।

- आलीराजपुर पुलिस ने ऑपरेशन हेलो के तहत आधुनिक तकनीक और सीईआईआर पोर्टल की मदद से करीब 17 लाख रुपये के 101 गुम मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए।

- नर्मदापुरम में  मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने पिपरिया में औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया।

- कटनी में  जल जीवन मिशन के तहत जिले में संचालित पेयजल योजनाओं की समीक्षा लिए जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

- देवास में  खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त दल ने खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के नमूने लिए।

- खंडवा में आगामी गणेश उत्सव को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से नगर निगम ने सीएम राइज स्कूल आनंद नगर में मिट्टी से गणपति प्रतिमा निर्माण कार्यशाला आयोजित की।

-----------------------------